







# घर में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में लटकी मिली लाश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 अक्टूबर। इमलिया में रविवार शाम को उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक नवविवाहिता की लाश घर में फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली।**



जानकारी के मुताबिक चाहना यादव पति अजय यादव उर्फ अज्जू उम्र 22 वर्ष का विवाह लगभग ढाई वर्ष पूर्व हुआ। नवविवाहिता के परिजनों ने बताया कि दोनों ने अपने पसंद से शादी की थी जिसके बाद दोनों की खुशी के लिए परिवार वालों ने उनकी शादी करा दी थी दोनों इमलिया गांव में अपने परिवार के साथ रह रहे थे और उनका डेढ़ वर्ष का एक बच्चा भी है नवविवाहिता के पिता ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि उनकी बच्ची को ससुराल वाले काफी दिनों से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे और मृतका की मौसेरी बहन रजनी यादव ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि चाहना को लगातार ससुराल वालों की ओर से शादी में कुछ न देने के ताने दिए जा रहे थे और दबाव बनाया जा रहा था कुछ दिन पहले ही हम सभी वर और वधू को समझाइश देने आने ही वाले थे कि ससुराल वालों ने फोन पर पीड़िता की तबियत खराब होने की सूचना दी और पीड़िता के फांसी लगाने की जानकारी बाद में दी। मृतिका के शरीर में चोट के निशान होने के कारण यह घटना सवालों के घेरे में है।

शाहनगर में महिला डॉक्टर न होने की वजह से नवविवाहिता के पीएम के लिए गुनौर से महिला डॉक्टर सपना चैहान और महिला आरक्षक राजकुमारी मंडलोई की मौजूदगी में शाहनगर से बीएमओ डॉक्टर सर्वेश की उपस्थिति में पीएम किया गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की विवेचना की जा रही है और शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

## निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण के संबंध में बैठक आज

पन्ना 27 अक्टूबर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कराने की घोषणा की गई है। इस संबंध में मंगलवार, 28 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं सचिव से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है। बैठक में गहन पुनरीक्षण के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर आवश्यक चर्चा की जाएगी।

# दिनदहाड़े लूट : ग्राहक बनकर आया युवक

## बुजुर्ग व्यापारी से सोने की अंगूठी छीनी

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 27 अक्टूबर। गत दिवस सुबह करीब 9 बजे नगर के मुख्य बाजार स्थित सोसायटी रोड के सामने बुजुर्ग व्यापारी पन्नालाल अग्रवाल ( उम्र लगभग 75 वर्ष ) के साथ दिनदहाड़े लूट की सनसनीखेज़ घटना घटी। जानकारी के अनुसार, एक अज्ञात युवक ग्राहक बनकर अग्रवाल की दुकान में पहुंचा।**

पहले उसने एक टेबल दिखाने को कहा और उसका रेट पूछा। इसी दौरान उसने बातचीत में कहा कि वह किसी मंदिर में 2100 रूपये का दान देना चाहता है और अग्रवाल जी से अनुरोध किया कि आप यह राशि किसी मंदिर में मेरे नाम से दे दीजिए। इस बहाने उसने उन्हें बातों में उलझाया और विश्वास में लिया। फिर अचानक मौका पाकर अग्रवाल जी के हाथ से लगभग 50 से 60 हजार कीमत की सोने की अंगूठी छीनी और धक्का देकर बाहर खड़े अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से फरार हो गया।

उनके बेटे सोनू अग्रवाल ने बताया, हमारे लिए यह संतोष की बात है कि पिता जी को कोई गंभीर चोट नहीं आई, वरना हादसा बड़ा हो सकता था। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और मुख्य बाजार से लेकर पूरे नगर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया। जांच में सामने आया कि अपराधी ने हर कैमरे के सामने से गुजरते समय अपना चेहरा दूसरी ओर घुमा लिया।

उपलब्ध फुटेज और स्थानीय सूत्रों के आधार पर अपराधी की पहचान की जा रही है। बहुत जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खुलेआम टैक्स चोरी कर रहे गुटखा व्यापारी


नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 अक्टूबर। नगर में चल रहे मनमानी लेनदेन से यहां के कुछ व्यापारी चांदी काट रहे हैं। वहीं शासन को मिलने वाले विक्रयकर व जीएसटी टैक्स की चोरी करने का मामला चर्चाओं मे बना हुआ है लोगों की माने तो लाखों का गुटखा रोज बैंच रहे हैं। इस क्षेत्र के लोग चर्चा के अनुसार नगर के अलग अलग ब्रांड के कुछ व्यापारी गुटखा पाउच के थोक विक्रेता हैं। जिनके द्वारा गुटखा मसाला का वितरण इस पूरे क्षेत्र में करने का काम किया जाता है। तो तीन रेंज 10 और 20 एवं 40 के पाउच में बिकता है।**

स्थानीय दुकानदारों के द्वारा एजेंसी से माल खरीदकर पूरे क्षेत्र में इसकी थोक एवं फुटकर बिक्री जाती है। सामाजिक दृष्टि से इसके दुष्परिणामों के बाद भी रोक टोक बिना इसकी बिक्री धडल्ले से की जा रही है। इसका उपयोग पुरूष, महिलाओं एवं नाबालिग बच्चों लडकों के द्वारा किया जाता है। तम्बाकू युक्त गुटखे की खपत क्षेत्र के अंचलों के बहुतायत में होती है नगर सहित आसपास के गांव क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध होने वाला गुटखा जिसकी अत्यधिक मांग जिसका हिसाब किताब व लेनदेन एक छोटे कागज के टुकडे या पर्ची में ही किया जाता है जिससे ये व्यापारी सरकार के इनकमटैक्स की जमकर चोरी करते हैं जानकरों की माने तो प्रति सप्ताह एक बडे दस चक्का ट्रक जिसमें केवल गुटखा जो लगभग 1200 बडे झाल, एक झाल में एक हजार बंडल एक बंडल में 100 थैला एक थैले में 500 पैकेट एक पैकेट में एक हजार पूडा एक पूडा में 1000 गड्डी हर गड्डी में 20 वाली 11 पुडिया 10 वाली 22 पुडिया 5 वाली 30 पुडिया रहती है जिसकी क्षेत्र में भारी मात्रा में की जाती है। एक अनुमान के मुताबिक प्रति सप्ताह लगभग 5 लाख का गुटखा खा जाते है।

जहां के शौकीन लोग और यहां इसकी एजेंसी चलाने वाले व्यापारी चांदी काटते हुए सरकार को जमकर चूना लगा रहे है नगरीय क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में पान चाय किराना होटल आदि हर छोटे बडे दुकानदारों के द्वारा गुटखे की भारी मात्रा में खरीदी बिक्री की जाती है लोगों के अनुसार गुटखे के इस पूरे क्षेत्र में प्रतिदिन लाखों रू की बिक्री होती है लेकिन इसका पूरा लेन देन मात्र कागजी चुटकों कच्चें बिलो मे ही किया जाता है जिससे लेनदेन की पुख्ता जानकारी सम्बंधित विक्रय कर विभाग और जीएसटी विभाग को नही हो पाती। इस कालाबाजारी के खेल मे जहां संबंधित व्यापारी करोड़ों रूपये का लाभ अर्जित कर लेनदेन का व्यौरा रखने वाली संस्था को झूठी और गलत जानकारी दे सेलटैक्स इनकमटैक्स और जीएसटी की चोरी जमकर करते हैं। जिला तथा संभागीय कार्यालयों में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारियों के उदासीनता और लापरवाही के कारण बडे व्यापारी शासन की गाइडलाइन से प्रथक मनमानी तरीके से सामग्रियों की कालाबाजारी कर गोदामों में बडी मात्रा में स्टॉक जमाकर उसकी कमी और ब्लैकमेलिंग की दुहाई दे लोगों को अधिक दामों पर बेचा जाता है। नगर के कुछ पूंजीपति बड़े व्यापारी नामी गिरामी बडी कंपनियों की डीलरशिप ऐंजेंसी लेकर संबंधित प्रोडक्ट के छोटे व्यापारियों से मनमानी दाम वसूला जाता है। यहां के कुछ व्यापारियों द्वारा फुटकर और थोक लेनदेन से जीएसटी नंबर का पक्का बिल नहीं बनाया जाता।

महज एक साधारण कागज की पर्ची में पूरा लेनदेन किया जाता है। इसके अलावा नगर में संचालित लगभग आधा दर्जन ट्रांसपोर्ट के द्वारा रोजाना कटनी, जबलपुर, सतना, रायपुर, इलाहाबाद आदि शहरों से यहां के व्यापारियों का सामान भी पूरे कच्चे बिलों के द्वारा ही आता है। जिससे स्थानीय व्यापारियों पर शासन के विभागों की टैक्स चोरी और कागजी गफलतबाजी करने का आरोप पहले भी लगता रहा है। लेकिन कुछ जागरूक और देश भक्त होने का दावा करने वाले व्यापारियों पर प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर टैक्स की चोरी करने का संगीन आरोप लगाया है। इनके द्वारा में लाखों रूपये का गुटखा बेंचा जाता है इनके द्वारा अवैध स्टाक व भंडारण कर भारी मुनाफा भी कमाया जा रहा है। सरकार को टैक्स के नाम पर थोडी ही राशि दी जाती हो लेकिन इस तम्बाकू युक्त गुटखे के क्षेत्र में नाबालिग लडकों और युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। जिससे समाज को भले भारी नुकसान उठाना पडे लेकिन इस व्यवसाय में संलिप्त व्यापारी को बडा मुनाफा होता हैं।



# पुलिस ने सीएम राइज स्कूल में आयोजित किया साइबर जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 अक्टूबर। माह अक्टूबर-2025 को सायबर जागरूकता माह घोषित किए जाने के तहत, सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सायबर जागरूकता अभियान बृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पन्ना पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों के स्कूलों एवं कॉलेजों में लगातार सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

इसी तारतम्य में आज थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सी.एम. राइज स्कूल, पन्ना में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चैकी प्रभारी सिविल लाइन उप निरीक्षक शक्ति प्रकाश पाण्डेय, सायबर विशेषज्ञ आशीष अवस्थी तथा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को सायबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। विशेषज्ञों ने बताया कि आज के डिजिटल युग में जागरूक रहना ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

छात्र-छात्राओं को सिखाया गया कि 'मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। किसी भी अज्ञात लिंक या एपीके फाइल को डाउनलोड न करें। अज्ञात कॉल या संदेश में प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें। अपने व्यक्तिगत दस्तावेज या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। 'सोशल मीडिया पर ओवरशेयरिंग से बचें और गोपनीयता सेटिंग्स हमेशा सक्रिय रखें।

इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को ईज़ी लोन, विदेशी नौकरी के झांसे, तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें बताया गया कि कैसे साइबर ठग आकर्षक ऑफर या डराने-धमकाने के जरिये लोगों से पैसे वसूलते हैं, और ऐसे मामलों में तुरंत 1930 हेल्पलाइन या निकटतम थाने से संपर्क करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान सायबर संबंधी वाद-विवाद एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने सायबर अपराधों के बढ़ते खतरे, डिजिटल जिम्मेदारी और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



# एबीव्हीपी इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 27 अक्टूबर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अजयगढ़ की शासकीय महाविद्यालय कार्यकारिणी की घोषणा शासकीय महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर पन्ना जिला प्रमुख प्रमोद गंगेले तथा अजयगढ़ नगर अध्यक्ष दीपक तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम में नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें आशीष यादव को महाविद्यालय अध्यक्ष, काजल श्रीवास्तव को महाविद्यालय मंत्री, खुशी तिवारी, सुमित राव और योगेंद्र राजा को उपाध्यक्ष बनाया गया। एसएफडी प्रमुख के रूप में हिमांशु विश्वकर्मा तथा एसएफएस प्रमुख के रूप में उमंग गुप्ता को दायित्व सौंपा गया। कार्य तकनीकी प्रमुख अंकित पाल, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख अंशु साहू, क्रीड़ा प्रमुख राहुल यादव, कोषाध्यक्ष विनायक शर्मा और महाविद्यालय प्रमुख पुरुषोत्तम तिवारी को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। कार्यक्रम में पूर्व कार्यकर्ता अंकित गुप्ता, अमन जैन, नगर कार्यकारिणी सह मंत्री अनुराग सोनी, सत्यम गुप्ता, महेंद्र यादव और अभय प्रताप विशेष रूप से उपस्थित रहे। अजयगढ़ नगर मंत्री अंकित तिवारी ने नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कन्या हाई स्कूल सिमरिया में आयोजित किया गया साइबर जागरुकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 अक्टूबर। माह अक्टूबर-2025 को सायबर जागरूकता माह घोषित किए जाने के तहत, सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में सायबर जागरूकता अभियान बृहद स्तर पर संचालित किया जा रहा है।**



इसी क्रम में पन्ना पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों के स्कूलों एवं कॉलेजों में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज थाना सिमरिया क्षेत्र अंतर्गत कन्या हाई स्कूल सिमरिया में सायबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक जगत पाल सिंह घोसी सहित सिमरिया थाना पुलिस टीम द्वारा सायबर अपराधों से बचाव संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। किसी भी अज्ञात लिंक या। एपीके फाइल को डाउनलोड न करें।

अज्ञात कॉल या मैसेज में प्राप्त लिंक पर क्लिक न करें।' अपने व्यक्तिगत दस्तावेज या बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर ओवरशेयरिंग से बचें और गोपनीयता सेटिंग्स को हमेशा सक्रिय रखें। इसके अतिरिक्त, छात्राओं एवं शिक्षकों को एन.सी.आर.पी., सी.ई.आई.आर. तथा संचार साथी पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। इन पोर्टलों के माध्यम से नागरिक अपने मोबाइल गुम या चोरी होने की शिकायत, साइबर अपराध की ऑनलाइन रिपोर्टिंग, तथा संदिग्ध संचार गतिविधियों की सूचना आसानी से दर्ज कर सकते हैं।

# पंचायती राज की लूट पर जिम्मेदारों की खामोशी स्वयं की मिलीभगत का परिचायक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 अक्टूबर। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने ग्राम स्वराज की परिकल्पना को मूर्त रूप देने जहां ग्राम विकास के लिए सीधे धनराशि सरकार द्वारा पंचायतों के खाते में पहुंचाई जाती रही है।**

वहीं उक्त धनराशि का सही समृद्धिशाली बनाने के लिए निगरानी हेतु सरकारी तंत्र का जाल बुना गया है। एक तरफ जनता के चुने प्रतिनिधि विकास कहां हो कैसे हो कौन सा कार्य आवश्यक है इसका निर्णय करने के लिए हैं तो वहीं कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो धन का सही उपयोग हो जरूरत मंदों को काम मिले इसके लिए रोजगार सहायक पंचायत सचिव उपयंत्री सहायक यंत्री मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पचांयत मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं कलेक्टर कमिश्नर तक पदों की लम्बी सूची निगरानी के लिए कागजों में खडी की गई है।

इतना सरकारी तंत्र के लावलश्कर के बावजूद गांवों के विकास के लिए जरिए योजनाओं के माध्यम से आने वाला धन गांव के विकास को अमलीजामा पहनाने में असफल सिद्ध हुआ है। अगर विकास के काम के चयन में कमी रह जाये तो निश्चित रूप से जनता के चुने नुमाइंदे को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। परंतु जब चयनित कार्य जमीन पर न उतारा जाय या आंशिक रूप से कार्य की औपचारिकता पूरी की जाये तो निश्चित रूप से सरकारी तकनीकी एवं प्रशासनिक अमला अपनी जिम्मेदारी जबावदारी से नहीं बच सकता।

# कंकाली माता कुआं ताल में आयोजित हुआ भाजपा का विधानसभा सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**पवई 27 अक्टूबर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत संकल्प अभियान के तहत देशभर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं पर लोगों को आत्म निर्भर भारत से संबंधित जानकारी जीएसटी रिफंड व देश को समृद्ध बनाने के लिए हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अपने देश में बनी हुई चीजों को खरीदने के लिए लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है।**




इसी कड़ी में सोमवार को पवई जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बनौली कुआं ताल कंकाली माता मंदिर परिसर में जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, पवई विधायक प्रहलाद लोधी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का विधानसभा सम्मेलन एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सबसे मां भारती और सरस्वती मां के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष और महामंत्री के संबोधन व शुभकामनाओ के बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं जिला उपाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी के द्वारा कार्यक्रम में आए हुए भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को देश के प्रधानमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के बारे में जानकारी दी गई तथा देश को कैसे आत्म निर्भर बनाएं और किन-किन चीजों में देश आत्मनिर्भर बना है उसके बारे में भी बताया गया साथ ही इन चीजों को जनता तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मुख्य वक्ता के द्वारा जीएसटी में किए गए बदलाव से आम लोगों को होने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई, इसके साथ ही किन-किन चीजों में जीएसटी को हटाया गया है उसके बारे में बताया गया।

इस दौरान उन्होंने अमेरिका द्वारा चलाए जा प्रोपोगेंडा, कांग्रेस के शासन काल की आर्थिक स्थिति व अन्य बातों का भी जिक्र किया और उसके बाद पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने भी अपने संबोधन में विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए देश के प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। इसके बाद जिला महामंत्री के द्वारा सभी को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का संकल्प दिलाया गया। इसके बाद कार्यक्रम के आयोजन कर्ता अरुण चौरसिया ने आए हुए सभी विधानसभा के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन को घोषणा की।

इस अवसर पर जिला महा मंत्री दीपेंद्र सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष पवई मोहनी आनंद मिश्रा, जनपद पंचायत अध्यक्ष शाहनगर आशीष खरे, निधि पटेरिया मंडल अध्यक्ष पवई, के साथ पार्टी के पदाधिकारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक




नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 अक्टूबर। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदिम जाति व अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत गठित जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई।**

इस मौके पर गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर वर्ष 2025-26 में राहत प्रकरणों में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को स्वीकृति के विरूद्ध भुगतान राशि सहित न्यायालयीन प्रकरणों तथा उत्पीड़ितों एवं गवाहों को यात्रा भत्ता के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति और अन्वेषण अधिकारी के कार्यों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। जाति प्रमाण पत्र जारी करने, स्वीकृति पत्रक में बैंक खाता संबंधी जानकारी अपडेट करने तथा न्यायालयीन एवं विभिन्न स्तर पर विचाराधीन व निर्णीत प्रकरणों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस वर्ष एक अप्रैल से अब तक अनुसूचित जाति के 89 और अनुसूचित जनजाति के 33 प्राप्त प्रकरणों में से क्रमशः 80 और 30 प्रकरणों में राशि स्वीकृत की गई है। कुल 87 प्रकरणों में राशि का वितरण भी किया जा चुका है।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

नवभारत न्यूज

**पन्ना 27 अक्टूबर। कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार विभिन्न स्तर पर लंबित प्रकरणों व शिकायतों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में इनके प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए हैं। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित टीएल और जनसुनवाई पत्रों की समीक्षा हुई।**



साथ ही आगामी समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के चयनित विषयों से संबंधित तथा नियत समय से अधिक अवधि की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि मंगलवार की जनसुनवाई में सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं को बुलाकर अधिकारी उनकी समस्या सुनें और मौके पर ही अधिकतम प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों की मांग अनुसार निराकरण सुनिश्चित हो और किसी भी स्थिति में शिकायतों के फोर्स क्लोज पर जोर न दिया जाए। इस अवसर पर समस्त अधिकारियों को आगामी टीएल बैठक में अनिवार्यतः जानकारी के साथ उपस्थित रहने के सख्त निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय स्तर से समन्वय और वरिष्ठ कार्यालय से मार्गदर्शन भी प्राप्त करें।

इस दौरान एक सप्ताह में समाधान ऑनलाइन के विषय संबंधी अधिकाधिक लंबित शिकायतों का निराकरण करने तथा अंर्तविभागीय समन्वय के विषयों पर भी चर्चा की गई।

## साप्ताहिक बाजार व्यवस्थित कराएं

कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पन्ना नगर में प्रति रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित रूप से लगाने के लिए निर्देशित किया गया। इस संबंध में एक दिवस पूर्व बाजार की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक तैयारी व कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित साफ-सफाई के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क पर बेहतर एवं सुविधाजनक तरीके से आवागमन हो। ठेला अथवा थोक सब्जी वाहन बेतरतीब ढंग से सड़कों पर न खड़े हों एवं यातायात व्यवस्था में भी कोई अवरोध न हो। सुव्यवस्थित यातायात से आम नागरिकों को सहूलियत मिले, यह प्रयास किया जाए। इसके लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों का भी सहयोग लें। बैठक में शालाओं में पेयजल व्यवस्था के लिए किए गए प्रयास, श्री जुगल किशोर लोक से संबंधित कार्यों, न्यायालयीन मामलों सहित स्वसहायता समूह के बैंक लिंकेज, रोजगारमूलक प्रकरणों में विभागवार कार्यवाही तथा एमएलसी एवं पीएम के ऑनलाइन रिपोर्ट सबमिशन के संबंध में भी चर्चा की गई।

## खाद एवं राशन वितरण की समीक्षा की गई

कलेक्टर ऊषा परमार ने गत रविवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में जिले में खाद एवं राशन वितरण सहित भावांतर योजना तथा धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। इस मौके पर विभिन्न स्थानों पर खाद की मांग अनुरूप उपलब्धता व वितरण की जानकारी लेकर मॉनिटरिंग व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। खाद के भण्डारण की जानकारी भी ली। उन्होंने यूरिया और डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके उर्वरक के उपयोग के संबंध में कृषकों को जागरूक करने के लिए भी कहा। साथ ही किसानों को खाद संबंधी विभिन्न सूचनाओं से पूर्व से अवगत कराने तथा विक्रय स्थल पर दर सूची प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए। उप संचालक कृषि को दुकानों के सतत निरीक्षण के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने प्रस्तावित धान खरीदी केन्द्रों में पूर्व तैयारी के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्था व उपायों के बारे में विभागीय अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर खरीदी केन्द्रों पर समुचित प्रबंध के लिए निर्देशित किया। साथ ही उपार्जन पूर्व स्कंध के भंडारण के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। भावांतर योजना में पंजीयन के विरूद्ध सत्यापन सहित प्रति माह खाद्यान्न के समय पर उठाव और वितरण के लिए निर्देशित किया गया।